an>

Title: Need to organize exhibitions for demonstration and promotion of the achievements of students in the field of science and technology.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : भारत में कई ऐसे मेधावी छात्र या व्यक्ति हैं जिनको कुछ न कुछ नया करने का शौक होता है। कई बार ऐसी खोज कर देते हैं कि अगर उसे सुनिश्चित तौर पर देश के विकास में या लोगों की भलाई में लगाया जाए तो उसके देश को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, पर उनके समक्ष संसाधनों की कमी रहती है। मेरा आग्रह है कि देश में इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले छात्रों के लिए ऐसी व्यवस्था खड़ी की जाए ताकि वे उनके ऐसे प्रोजेक्ट का डेमेन्स्ट्रेशन पूरे देश के सामने कर सकें और उनके ज्ञान एवं प्रतिभा को देश के हित में उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाए। मसलन जिस तरह "पुस्तक मेला" लगता है, उस प्रकार "वैज्ञानिक मेला" या "मॉडल मेला" या "इंजीनियरिंग एक्जीबिशन" लगे जिसमें सिर्फ विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट का प्रदर्शन हो और उनके बीच में स्पर्धा हो। ऐसी बेवसाइट शुरू करें जिससे देशभर में यदि किसान किसी भी क्षेत्र में ऐसा कार्य या शोधन किया हो, उसे वह प्रदर्शित कर सकें।